Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to set up a memorial and a statue in the memory of former Prime Minister Shri Atal Bihari Vajpayee in Bateshwar, the birth place of Vajpayee ji in Fatehpuri-Sikri Parliamentary Constituency.

श्री राजकुमार चाहर (फतेहपुर सीकरी): अध्यक्ष महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । आपने मुझे इस ऐतिहासिक दिन पर बोलने का मौका दिया है । जैसे 15 अगस्त और 26 जनवरी मनाए जाते हैं, वैसे ही 5 अगस्त और 6 अगस्त मनाया जाएगा, ऐसा मुझे विश्वास है । मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में बटेश्वर एक बहुत पवित्र स्थल है और पूर्व प्रधान मंत्री माननीय अटल बिहारी जी की जन्म स्थली है । मेरा आपसे आग्रह है कि अटल जी की जन्म स्थली पर एक विशाल स्मारक और उनकी एक विशाल प्रतिमा लगाई जाए, जिससे पूरे देश और दुनिया के लोग उनके दर्शन करने आ सकें । मेरा आपसे यह आग्रह है ।